DAINIK BHASKAR

5.2.2025

वर्ल्ड कैंसर-डे पर जागरूकता सत्र का आयोजन हुआ

जयपुर | कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और उपचार के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए डॉ. बीके अरोड़ा ने 'वर्ल्ड कैंसर दिवस' पर 'सेंट जूड-कविता कैंसर केयर सेंटर' में एक महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया। सत्र का उद्देश्य सेंटर पर रहने वाले परिवारों को कैंसर, उसके लक्षणों और उपलब्ध उपचार और देखभाल एवं अन्य प्रकार गतिविधियों के बारे में शिक्षित करना था। इसके अलावा, बच्चों और माता-पिता को संलग्न करने के लिए इंटरेक्टिव गतिविधियां भी आयोजित की गईं।